# 283 केंद्रों पर हुई नीट परीक्षा

**15 मिनट का समय अधिक मिलने से राहत**

**57 परीक्षा केंद्र इंदौर में, जो प्रदेश में सबसे अधिक**



नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 21 जून. नीट यूजी परीक्षा प्रदेश भर में रविवार को कुल 283 परीक्षा केंद्रों पर सख्त सुरक्षा इंतजामों के बीच निर्विघ्न रूप से संपन्न हुई. बता दें इस बार री- नीट की परीक्षा में विद्यार्थियों ने फिजिक्स और केमेस्ट्री के विषयों को लेंदी और पिछली बार से थोड़ा कठिन बताया. विद्यार्थियों के अनुसार केमिस्ट्री सेक्शन में न्यूमेरिकल सवाल अधिक होने से कठिनाई हुई, लेकिन 15 मिनट का समय अधिक मिलने से थोड़ा लाभ भी हुआ. इस परीक्षा में 1,18,170 परीक्षार्थी बैठने थे, लेकिन 12,526 अनुपस्थित रहे. कुल 1,05,644 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी.**

वहीं प्रदेश में इंदौर में सबसे अधिक कुल 57 परीक्षा केंद्रों समेत भोपाल में कुल 32, ग्वालियर और जबलपुर में 24, रीवा में 12, बड़वानी में 11, खरगौन व रतलाम में 9 और उज्जैन में 8 केंद्रों सहित अन्य जिलों में परीक्षा संपन्न हुई. सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश भर में इस बार भारी पुलिस बल के साथ कड़े नियमों और समय की पाबंदी के कारण कई केंद्रों पर भारी अफरा-तफरी भी देखने को मिली.

वहीं दूसरी तरफ एनटीए की गाइड लाइन के अनुसार सभी केंद्रों पर दोपहर डेढ़ बजे गेट पूरी तरह बंद कर दिए गए। इस दौरान भोपाल समेत कई जिलों में मात्र 30 से 40 सेकेँड की देरी के कारण कई विद्यार्थियों की परीक्षा भी छूट गई. जिस पर साथ आये परिजनों ने नाराजगी भी जताई. बता दें पहली बार नीट परीक्षा में 15 मिनट का समय अधिक मिला था. जिसके कारण परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 बजे तक संचालित हुई.

### मेटल डिटेक्टर से हुई जांच, तब मिला प्रवेश

प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, गुना और सतना सहित सभी जिलों में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से चेकिंग की गई। इस दौरान चेन, मेटल वस्तुएं, कलावा और कान की बालियां भी बाहर ही उतरवा ली गई. वहीं कई छात्रों की पैंट के लोहे के बटन और चेन भी हटवाए गए। तो सतना के एक छात्र के जूते जांच के दौरान बाहर रखवा दिए गए. जिसके बाद उसे नंगे पैर ही परीक्षा देनी पड़ी। वहीं भोपाल में एक छात्रा को अपनी नाक की नथ भी उतारनी पड़ी.

### केंद्रों पर रही खास तैयारियां

विद्यार्थियों की जरूरतों और अभिभावकों के लिये इस बार परीक्षा केंद्र के बाहर स्वच्छ पेयजल, ग्लूकोज, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी की गई. साथ ही डॉक्टरों की स्वास्थ्य टीम मौजूद रही. साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के बैठने के लिए टेंट और कुर्सियों का इंतजाम भी रहा.

### विद्यार्थियों ने कहा



पेपर पहले जैसा ही था, ज्यादा अंतर नहीं था. लेकिन 15 मिनट के अतिरिक्त समय से परीक्षा में थोड़ी आसानी हुई. सुरक्षा की कड़ी तैयारी थी इस बार, इससे लग रहा है कि इस बार का पेपर सुरक्षित है.

**इब्तेसम हसन**, विद्यार्थी



बायो काफी आसान थी लेकिन फिजिक्स और केमेस्ट्री थोड़ा कठिन था. सुरक्षा को लेकर ये कहूंगा कि तैयारी पहले से बेहतर हुई है, लेकिन और बेहतर करने की जरूरत है, जिससे पेपर लीक जैसी समस्या आगे न हो.

**ओमकार**, विद्यार्थी

## भिण्ड के लहार में अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भिण्ड.** जिले के लहार थाना पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किये. यह कार्रवाई पर्रायच गांव के पास की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस कल देर रात गश्त कर रही थी तभी रेत से भरे दो ट्रैक्टर निकलते दिखे. पुलिस ने उन्हें रोका और चालकों से रॉयल्टी सहित रेत परिवहन के आवश्यक दस्तावेज मांगे. इस पर दोनों चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गए. पुलिस ने दोनों ट्रैक्टरों को आरक्षकों की मदद से थाने पहुंचाया. वहां ट्रैक्टरों पर लिखे चेसिस नंबरों के आधार पर अवैध रेत चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है. लहार थाना प्रभारी शिवसिंह यादव ने आज यहां बताया कि दोनों ट्रैक्टरों के दर्ज नंबरों के आधार पर मामला पंजीकृत किया गया है.

## 'ट्रांसफर इंडस्ट्री' पर कांग्रेस का हमला

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 21 जून. प्रदेश में कथित 'ट्रांसफर इंडस्ट्री' को लेकर राजनीतिक विवाद और गहरा गया है. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हाल में सामने आए मीडिया स्टिंग ऑपरेशन का हवाला देते हुए सरकार पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है और पूरे मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराने की मांग की है.**

प्रदेश नेतृत्व को संबोधित एक खुले पत्र में पटवारी ने प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि स्थानांतरण अब योग्यता और प्रशासनिक आवश्यकता के बजाय आर्थिक लेन-देन से प्रभावित होने लगे हैं. उन्होंने कहा कि जिन आरोपों को अब तक सत्तापक्ष राजनीतिक बयानबाजी बताकर खारिज करता रहा, मीडिया जांच के बाद वे अधिक गंभीर प्रतीत हो रहे हैं.

पटवारी ने दावा किया कि नियमों और जनहित के आधार पर होने वाली स्थानांतरण प्रक्रिया कथित तौर पर ऐसी व्यवस्था में बदल गई है, जहां पदस्थापन योग्यता के बजाय 'बोली' के आधार पर तय किए जाने की चर्चा हो रही है. उन्होंने कहा कि स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए कथित दावों के अनुसार एक नर्स के तबादले के लिए पांच लाख रुपये और एक एसडीओ के तबादले के लिए 15 लाख रुपये तक की मांग किए जाने की बातें बेहद चिंताजनक हैं. उनके अनुसार, ऐसे आरोप चाहे बाद में सिद्ध हों या नहीं, वे शासन-प्रशासन की निष्पक्षता और लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता के भरोसे को प्रभावित करते हैं.

### न्यायिक जांच की मांग




कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन में शीर्ष स्तर पर अधिकारियों के लगातार हो रहे फेरबदल का मुद्दा भी उठाया. उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कार्यकाल के दौरान लगभग 35 से 40 अधिकारियों के तबादले किए जा चुके हैं, जिनमें कुछ अधिकारी केवल कुछ सप्ताह तक ही पदस्थ रहे. उन्होंने कहा कि इतनी तेजी से हो रहे बदलावों की गंभीर समीक्षा आवश्यक है. पटवारी ने सरकार के समक्ष तीन प्रमुख सवाल रखे हैं—क्या प्रदेश में ट्रांसफर इंडस्ट्री संचालित हो रही है, क्या स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए दावों की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जाएगी और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है. पत्र सार्वजनिक होने के बाद यह मुद्दा एक बार फिर प्रदेश की राजनीति के केंद्र में आ गया है.

## बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप, 7 गिरफ्तार

**बड़वानी, 21 जून. जिले के सेंधवा शहर के जोगवाड़ा रोड क्षेत्र में बच्चों को लेकर शुरू हुआ विवाद दो दिनों तक हिंसक झड़पों में बदल गया, जिसमइें 10 लोग घायल हो गए. पुलिस ने तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर 13 लोगों को आरोपी बनाया है तथा सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

सेंधवा शहर पुलिस सूत्रों के अनुसार जोगवाड़ा रोड स्थित देवझिरी क्षेत्र में पांच हथियार धारी लोगों ने अब्दुल करीम के घर पर बेसबॉल बैट और चाकुओं से हमला कर दिया. इस हमले में छह लोग घायल हो गए. घटना के बाद पुलिस ने सिकंदर और शाहरुख की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज करते हुए कुल नौ लोगों को आरोपी बनाया.

शनिवार को स्थानीय मस्जिद में नमाज के बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद फिर भड़क गया. आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने फरदीन और उसके तीन साथियों पर तलवारों से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए. फरदीन की शिकायत पर पुलिस ने शाहरुख सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है.



## मप्र में अभी मानसून का करना होगा इंतजार

- 25 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना
- प्रदेश के 55 में से 45 जिलों में वर्षा में कमी दर्ज

**भोपाल, 21 जून. मध्य प्रदेश में मानसून की चाल सुस्त पड़ने से बारिश का संकट गहराता जा रहा है. सामान्य तिथि से करीब छह दिन की देरी के कारण प्रदेश के 55 में से 45 जिलों में वर्षा की कमी दर्ज की गई है. मौसम विभाग के अनुसार अब मानसून के 25 जून तक प्रदेश में प्रवेश करने की संभावना है. तब तक प्री-मानसून गतिविधियां ही मौसम का मिजाज तय करेंगी.**

रविवार को इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, शहडोल समेत 37 जिलों में तेज हवा, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि भोपाल, उज्जैन, सागर, नर्मदापुरम, विदिशा और रायसेन समेत कुछ जिलों में मौसम अपेक्षाकृत साफ रह सकता है.

मानसून की देरी का सबसे ज्यादा असर पूर्वी मध्य प्रदेश पर दिखाई दे रहा है. जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में सामान्य से करीब 65 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है. वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभागों में वर्षा का आंकड़ा औसत से लगभग 30 प्रतिशत नीचे है. अलीराजपुर ऐसा जिला है जहां अब तक बारिश का खाता तक नहीं खुला है, जबकि भोपाल में सबसे अधिक करीब 4 इंच वर्षा रिकॉर्ड की गई है. शनिवार को प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवा और बारिश का असर देखने को मिला. उज्जैन में सबसे ज्यादा 2.4 इंच बारिश हुई, जबकि भोपाल में 1.3 इंच पानी गिरा. इंदौर, ग्वालियर, श्योपुर, सीहोर और धार के पीथमपुर में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई. बारिश के चलते तापमान में राहत मिली है. भोपाल का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस, इंदौर 35.2 डिग्री, उज्जैन 35 डिग्री और ग्वालियर 39.6 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि जबलपुर में पारा अब भी 40.6 डिग्री तक पहुंच गया.

मानसून की देरी का असर खरीफ सीजन पर भी साफ नजर आ रहा है. प्रदेश के कई इलाकों में किसान अब तक सोयाबीन, उड़द, मूंग और तुअर जैसी फसलों की बुवाई शुरू नहीं कर पाए हैं. कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सुरक्षित बोवनी के लिए कम से कम 4 इंच बारिश जरूरी है, ताकि खेतों में पर्याप्त नमी बन सके. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मानसून फिलहाल दक्षिण भारत से आगे बढ़ रहा है और 23 जून तक छत्तीसगढ़ पहुंच सकता है. परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो 25 जून के आसपास मध्य प्रदेश में इसकी दस्तक होने की संभावना है.

## 'जहाज महल' के प्रांगण में गूंजा योग का संदेश

**धार 21 जून. अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन नगरी मांडू के विश्वप्रसिद्ध और ऐतिहासिक 'जहाज महल' परिसर में आज 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद भव्य, दिव्य और ऊर्जावान अंदाज में मनाया गया जहां सदियों पुरानी पुरातात्विक धरोहर के बीच हज़ारों नागरिकों ने योग किया.**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस मुख्य जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं. कार्यक्रम में महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं सानिध्य प्राप्त हुआ.

इस दौरान कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश बेहद एकाग्रता के साथ सुना. केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की.

## सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन

**मुरैना, 21 जून.** रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जीवाजी गंज स्थित टाउन हाल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. इस अवसर पर मंत्री, महापौर, पुलिस अधीक्षक, प्रभारी कलेक्टर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया. जिला प्रशासन द्वारा आयोजित शिविर में सभी अतिथियों ओर नागरिकों ने स्वस्थ आयु, निरोगी काया के लक्ष्य के साथ विभिन्न योगाभ्यास ओर प्राणायाम किए.

## विंध्याचल में सामूहिक योगाभ्यास आयोजित

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 21 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल में वैश्विक थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग के अनुरूप वीवा क्लब परिसर में सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, सुहासिनी संघ लेडीज क्लब की सदस्यों, उनके परिजनों तथा सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।**

इस अवसर पर किशोर कुमार होता कार्यकारी निदेशक वरिष्ठ प्रबंधन टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। योग सत्र का संचालन आदर्श अग्रवाल उप महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली एवं वेलनेस प्रशिक्षक द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा सामूहिक ध्यान का अभ्यास कराया और योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम के माध्यम से एनटीपीसी विंध्याचल ने समग्र स्वास्थ्य, मानसिक सुख-समृद्धि एवं कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन के लिए योग को नियमित दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया गया।



## स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए नियमित योग अपनाएं : मनीष

### एनसीएल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्साहपूर्वक आयोजित हुए योग कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 21 जून। स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर आज रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनसीएल के मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों, परियोजनाओं एवं इकाइयों में उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए।**



एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक मनीष कुमार, निदेशक आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, श्रमिक संघ जेसीसी सदस्य अजय कुमार, श्यामधर दुबे, लाल पुष्पराज सिंह, अशोक पांडेय, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष ए महाप्रबंधक तथा कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षाएं, सदस्याएँ सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर निदेशक मनीष कुमार ने योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के लिए नियमित योग अपनाने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से एनसीएल परिवार ने स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन एवं समग्र कल्याण के लिए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

### पेज एक का शेष

## योग वैश्विक जीवनशैली

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बढ़ती उम्र को कमजोरी नहीं, बल्कि नई संभावनाओं के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि जैसे-जैसे उम्र बढ़े, हमारी ऊर्जा और क्षमता कम न हो, बल्कि और अधिक मजबूत बने. प्रधानमंत्री ने सरकार की साल भर चलने वाली योग पहल में लोगों की भागीदारी का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, कि 365 दिन के कार्यक्रम के तहत, 130 देशों के 30 लाख लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रेड रोड पर हुए मुख्य कार्यक्रम के अलावा कोलकाता में कई जगहों पर योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें शहर भर से लगभग 10 लाख लोगों के शामिल हुए . प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि योग आज पूरी दुनिया में एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है. उन्होंने कहा कि यह केवल भारत की परंपरा नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक उपहार है.

योग के माध्यम से लोग तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं और अपने दैनिक जीवन में संतुलन स्थापित कर सकते हैं. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि योग अब केवल एक दिन का आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह पूरे वर्ष चलने वाली प्रक्रिया बन चुकी है, जिसमें दुनिया के कई देश शामिल हो रहे हैं. योग दिवस के अवसर पर कोलकाता के कई स्थानों पर सामूहिक योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया. पूरे आयोजन के दौरान वातावरण सकारात्मक और ऊर्जा से भरपूर रहा. यह आयोजन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक एकता का भी प्रतीक बना.

## नदी में गिरने से 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**दमोह.** रविवार रात को लग्नोत्सव समारोह से लौटते समय निस्तार के लिए उतरे 30 वर्षीय व्यक्ति की हिनौता घाट सुनार नदी में गिरने से मौत हो गई. घटना जेरठ चौकी, पथरिया क्षेत्र की है. प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** — सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ योग आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

## पुलिस परिवार ने किया योग



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 21 जून.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस ने पुलिस परिवारों के बीच स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया. पुलिस मुख्यालय भोपाल की कल्याण शाखा द्वारा 25वीं वाहिनी के सभागार में योग सत्र आयोजित किया गया, जिसके बाद धृति 23वीं वाहिनी परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ.

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीमा मकवाणा के साथ प्रियंवदा सक्सेना, अनुपमा कुमार, टिंग रॉय, भारती प्रसाद तथा गीता गोस्वामी उपस्थित रहीं. नेहरू नगर पुलिस लाइन, 23वीं, 25वीं और 7वीं विशेष सशस्त्र बल वाहिनी तथा पुलिस मुख्यालय के झूलाघर से जुड़ी महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की. योग सत्र में सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ योग आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, आत्मानुशासन और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया गया. प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण के साथ हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का संदेश दिया गया. संपूर्ण आयोजन सहायक पुलिस महानिरीक्षक (कल्याण) इरमीन शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.

## तस्करों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**भोपाल, 21 जून.** मध्यप्रदेश पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान तेज करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों में समन्वित कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की है. पिछले दस दिनों के दौरान तकनीकी खुफिया जानकारी और मैदानी निगरानी के आधार पर संचालित अभियानों में पुलिस ने नशीले पदार्थों, वाहनों तथा अन्य संपत्तियों सहित 2.9 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की सामग्री जब्त की है.


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेसर्स "Access Builders Industries" भागीदारी फर्म जिसका पंजीयन क्रमांक-05/49/01/0162/2018, दिनांक-30.01.2018, पता-341, Village Ganiyari, Post Waidhan, सिंगरौली, जिला-सिंगरौली (म.प्र.) 486886, कार्यालय फर्म्स एव संस्थाएं रीवा संभाग रीवा (म.प्र.) से पंजीकृत फर्म है जिसके अनुसार निम्नांकित पार्टनर थे:-1-श्री छोटेलाल शाह पिता कंचन प्रसाद शाह, 2-श्री राजेश कुमार साकेत पिता रामकिशुन साकेत। इस फर्म के पुनर्गठन की आवश्यकता पड़ने पर फर्म को पून: पुनर्गठित करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमें कि दिनांक-01.06.2026 को भागीदार श्रीमती कुसुम कुमारी साकेत पत्नी राजेश कुमार साकेत फर्म के नये भागीदार बन गई है एवं दिनांक-01.06.2026 को भागीदार श्री छोटेलाल शाह पिता कंचन प्रसाद शाह स्वेच्छा से फर्म से रिटायर हो रहे है जिसके अनुसार दिनांक-01.06.2026 से निम्नांकित भागीदार रहेंगे:-1-श्री राजेश कुमार साकेत पिता रामकिशुन साकेत, 2-श्रीमती कुसुम कुमारी साकेत पत्नी राजेश कुमार साकेत ।

भागीदार

मेसर्स-एक्सेस बिल्डर्स इन्डस्ट्रीज, ( राजेश कुमार साकेत ) पार्टनर

### नाम सुधार सूचना

मैं श्रीमती सुलोचना चतुर्वेदी पत्नी दीपक कुमार चतुर्वेदी उम्र 32 वर्ष, निवासी कोरोली खुर्द, तहसील सिहावल ,थाना अमिलिया ,जिला सीधी (म.प्र.) की हूं। मेरे पति दीपक कुमार चतुर्वेदी वर्तमान में भारतीय सेना में पदस्थ हैं, मेरे पति के सेवा पुस्तिका में मेरा नाम सुलोचना तिवारी लिखा हुआ हैं। मेरे विवाह प्रमाण पत्र मेरा नाम सुलोचना चतुर्वेदी अंकित है। उक्त दोनों नाम सुलोचना तिवारी एवं सुलोचना चतुर्वेदी मेरे ही नाम हैं तथा मैं एक ही व्यक्ति हूं। मेरे पति के सेवा पुस्तिका में मेरा सुलोचना तिवारी के स्थान पर सही नाम सुलोचना चतुर्वेदी संशोधित किया जाना उचित एवं न्यायहित है ।

श्रीमती सुलोचना चतुर्वेदी
पत्नी दीपक कुमार चतुर्वेदी
निवासी कोरोली खुर्द, तहसील
सिहावल ,थाना अमिलिया,जिला
सीधी (म.प्र.)

**Presiding officer: ( पूनम सिंह )**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड देवसर, जिला सिंगरौली (म.प्र.)**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (mjc suc) 02/26
पंकज कुमार आवेदक Vs
हम आम खास जनता............अनावेदक
process ID 55/26
पेशी दिनांक: 22-6-2026

प्रेषिती- (1) हम आम खास जनता पता- सिंगरौली म.प्र. (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज पता ने मृतक लालमणि पनिका सा- सरई छिरहत वार्ड क्र.6 नगर परिषद सरई थाना व तह. सरई जिला- सिंगरौली (म.प्र.) राशि/ संपति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनाँक 22-6-2026 को नियत है यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22-06-2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

आज यह तारीख 17-6-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

( पूनम सिंह )
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड देवसर, जिला सिंगरौली (म.प्र.)

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी:- संमस

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।